<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>
<u>रस्साकसी में प्रशासनिक भवन चैम्पियन</u>

विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब की 26वीं एथलेटिक प्रतियोगिता में रस्साकसी प्रतियोगिता में पुरूष व महिला वर्ग में प्रशासनिक भवन की टीम चैम्पियन रही। प्रतियोगिता के दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं क्लब के अध्यक्ष डा. ए.एस. जीना से विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इससे पूर्व क्लब के सचिव योगेश पंत ने 26वीं एथलेटिक प्रतियोगिता का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन क्लब के मुख्य संयोजक प्रभाकर जोशी ने प्रस्तुत किया। डा. जीना द्वारा स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता की समापन की घोषणा के साथ 26वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता का विधिवत समापन हो गया। इस अवसर पर सह निदेशक एवं सुरक्षाधिकारी डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. श्वेता राय, क्लब की संयुक्त सचिव ज्योति शर्मा, अजीत यादव, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह नेगी, डा. मंजु जोशी, संयोजक मोहित कुमार, शशांक शर्मा, सुदीश राय, रजनीश कुमार, अनिल जोशी, डा. मनोज गुप्ता एवं विजय कुवंर आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। रस्साकसी की पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता में प्रशासनिक भवन ने कृषि महाविद्यालय तथा महिलाओं में प्रशासनिक भवन ने प्रौद्योगिक महाविद्यालय को हरा कर शील्ड पर कब्जा कर लिया। जबकि 4गुणा100 मीटर की पुरूष वर्ग में प्रशासनिक भवन में पवन जोशी, सत्येन्द्र कुमार, शैलेन्द्र सिंह व मोहन चन्द्र भट्ट व महिलाओं में कम्पट्रोलर की टीम ज्योति, सरोज चौहान, सीमा शर्मा तथा हिमांशी राना अव्वल रही। प्रतियोगिता के 5किमी पैदल चाल में 55 से अधिक आयुवर्ग में डा. संदीप कुमार, 50 से अधिक आयुवर्ग में राजेश जुकारिया, 45 से अधिक आयुवर्ग में मोहन चन्द्र भट्ट, 40 से अधिक आयु वर्ग में डा. विनय कुमार पाण्डेय, 35 से अधिक आयुवर्ग में जगदीश चन्द्र जोशी, 30 से अधिक आयुवर्ग में अरविन्द कुमार, महिलाओं की 50 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में अमरेश चौधरी, 45 से अधिक आयुवर्ग में गीता जोशी, 40 से अधिक आयुवर्ग में नीता पाण्डेय, 35से अधिक आयुवर्ग में सीमा शर्मा, 30 से अधिक आयुवर्ग में ज्योति शर्मा, 30 से कम आयुवर्ग में सरोज चौहान ने पहला स्थान हासिल किया। 400मीटर दौड़ में विनिता त्यागी, अनिता धामी, रवि वर्मा, सत्येन्द्र कुमार, शैलेन्द्र सिंह, राकेश कुमार यादव, खेम सिंह विजयी रहे। ट्रिपिल जंप में सुदीश राय, सचिव हर्बोला ने बाजी मारी। शॉटपुट में अनिल जोशी, अजीत यादव, सत्येन्द्र कुमार, अमित जोशी, हरेराम राय, केपी सिंह, सुभाष चन्द्र, पूनम त्रिपाठी, उर्मिला तड़ियाल, गीता जोशी, नीता पाण्डेय, डा. रितिका भट्ट, किरन राय व ज्योति कुमारी पहले स्थान पर रहे। हैमर थ्रो में भुवन चन्द्र काण्डपाल, डा. अनिल कुमार यादव, संजय बोरा, अजीत यादव, शिवेन्द्र चौहान व अनिल जोशी को पहला स्थान प्राप्त हुआ। जैवलिन थ्रो में उर्मिला तड़ियाल, पूनम त्रिपाठी, किरन राय, उषा पंत, प्रवीण चौहान, नीरज भट्ट, राजेश कार्की, संजय बोरा, अजीत यादव, केपी सिंह पहले स्थान पर रहे। लॉग जंप में रेनू भट्ट, डा. रितिका भट्ट, उमा भंडारी, डा. संदीप कुमार, सुरेश चंद्र राजपूत, अमित जोशी, हरेराम राय, संदीप रमोला, सत्येन्द्र यादव व अजय साहू को पहला स्थान हासिल हुआ। डिस्कस थ्रो में नीतीश रावत, प्रवीण चौहान, मनोज कुमार, हरेराम राय, एमएस नयाल, सुभाष चन्द्र, केपी सिंह, 200मीटर दौड़ में योगेश पंत, अशोक कुशवाहा, खेम सिंह, सुदीश राय, सत्येन्द्र यादव, निशा रामपाल, 800मीटर दौड़ संदीप रमोला, बेचू प्रसाद, बंसती जोशी, जया भाकुनी, फूलबास, चमन वर्मा, 15सौ मीटर दौड़ में बीकेस, रविन्द्र कुमार मिश्रा, जया भाकुनी, शैलेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, 400मीटर दौड़ में विनिता त्यागी, अनीता धामी, रवि वर्मा, सत्येन्द्र, शैलेन्द्र सिंह, राकेश कुमार यादव, खेम सिंह, अशोक कुमार ने पहला स्थान हासिल किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. एके गौड़, सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. भाष्कर तिवारी, सह निदेशक डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट व उत्तराखण्ड एथलेटिक एसोसिएशन के चैयरमैन विजेन्द्र चौधरी, पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज, अल्मोड़ा अनिल पंत ने सम्मानित किया।

विजित प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अधिकारीगण।

निदेशक संचार